आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में जनहित के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

मंत्रिमंडल ने प्रदेश के सभी मंडलों में नये जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र खोलने को मंजूरी दी है। फैसले की जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस फैसले से दिव्यांगों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। मंत्रिमंडल ने अयोध्या में बावन एकड़ में विश्व स्तरीय मंदिर संग्रहालय बनाने का भी फैसला लिया। इसका निर्माण और संचालन टाटा ग्रुप द्वारा सीएसआर फंड से किया जाएगा। श्री खन्ना ने कहा कि इस संग्रहालय से अयोध्या को न सिर्फ एक सांस्कृतिक पहचान चिन्ह मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। सरकार ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से संबंधित गतिविधि से जुड़ी अवधि को ड्यूटी मानने के फैसले पर भी मोहर लगा दी। सरकार ने बरेली और कानपुर में पांच सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

केन्द्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट की प्रमाणिकता की पुष्टि के लिए मोबाइल में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

नागरिकों को नकली हेंडसेट खरीदने से बचने, दूरसंचार संसाधनों के संदिग्ध दुरूपयोग की आसान रिपोर्टिंग और संचार साधन पहल की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए दूरसंचार विभाग ने मोबाइल हैंडसेट निर्माता और आयातकों को भारत में उपयोग के लिए निर्मित या आयातित, सभी मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी मोबाइल एप्लिकेशन पहले से इंस्टॉल करने का निर्देश दिया है। विभाग ने कहा कि पहले से इंस्टॉल किया गया संचार साथी एप्लिकेशन अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए पहली बार उपयोग करने या डिवाइस सेटअप करने पर आसानी से दिखाई देने योग्य और सुलभ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एप्लीकेशन की कार्यक्षमता को अक्षम या प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में अब तक ग्यारह करोड़ पंचानवे लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अट्ठारह हजार पांच सौ बयासी बीएलओ ने अपना कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया है।

****

तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों के उत्सव काशी–तमिल संगमम का चौथा संस्करण वाराणसी में आज से शुरू हो गया। इसके उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि तथा पुडुचेरी के उप राज्यपाल के. कैलाश नाथन सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने हिस्सा लिया। इस बार का काशी तमिल संगमम सभी भाषाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। एक रिपोर्ट–

इस बार के काशी तमिल संगमम 4.0 का मूल मंत्र है, 'आइए तमिल सीखें – यानी तमिल करकलम'। यह संस्करण तमिल भाषा सीखने की भावना केंद्र में रखता है, और इस विश्वास को आगे बढ़ाता है कि सभी भारतीय भाषाएँ एक साझा भारतीय भाषा परिवार का हिस्सा हैं। काशी में होने वाले इस आयोजन में 1400 से अधिक प्रतिनिधि तमिलनाडु से शामिल होंगे। इनमें– छात्र, शिक्षक, लेखक और मीडिया पेशेवर, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लोग, पेशेवर और कारीगर, महिलाएं और आध्यात्मिक विद्वान शामिल हैं। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

वाराणसी के नमो घाट पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा काशी तमिल संगमम के चित्रों से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने आज इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

****

प्रयागराज में जनवरी में आयोजित होने जा रहे माघ मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में आज संगम तट पर मां गंगा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। आयोजन में मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने मां गंगा से माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने की कामना भी की।

****

बलरामपुर के कोतवाली देहात थानाक्षेत्र में कल रात एक बस और ट्रक की टक्कर में बस में सवार तीन यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में तेईस यात्री घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। हमारे बलरामपुर प्रतिनिधि ने बताया कि कोतवाली देहात के फुलवरिया चौराहे के पास हुई टक्कर में यात्री बस में आग लग गई।

****

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के बाद तीन दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना जताई है। इससे ठंड और बढ़ेगी। विभाग के मुताबिक अगले एक सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

****